



# अब युवा भी हो रहे ब्लड प्रेशर एवं शुगर के शिकार

## औसतन हर दसवां व्यक्ति ब्लड प्रेशर का मरीज, वृद्ध के साथ अब बच्चे भी आ रहे चपेट में

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। खाद्यान्न में बढ़ते केमीकल के प्रभाव के चलते अब वृद्ध ही नहीं युवा लोग भी ब्लड प्रेशर एवं शुगर जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। शहरी जीवनशैली ही नहीं बल्कि अब गांव में भी ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर के रूप में माना जाने लगा है।**

कारण कि ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं होता कि वह ब्लड प्रेशर एवं शुगर से पीडित है। चिकित्सकों की मानें तो जिले मे औसतन हर दसवां व्यक्ति ब्लड प्रेशर का मरीज है। बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। ज्ञात हो कि पहले ब्लड प्रेशर की समस्या प्रौढ़ावस्था में होती थी लेकिन बदली जीवनशैली के कारण इसका असर छोटे बच्चों में भी दिखने लगा है। इस संबंध में जिला अस्पताल के डॉक्टरों की मानें तो ब्लड प्रेशर किसी को भी हो सकता है और एक बार इसकी दवा शुरू हो जाने के बाद उसे बंद करना सरल नहीं होता इसलिए समस्या से बचाव में ही समझदारी है। हमारी रक्त वाहिनियों धमनियों तथा शिराओं पर पड़ने वाले खून के दबाव को ब्लड प्रेशर कहते हैं। इसे मापने के लिए स्फिग्नोमैनोमीटर मशीन का इस्तेमाल किया जाता है। जिसमें लगे रबर के ब्लैडर को दबाने पर पट्टा बांह में कसता है और प्रेशर रिलीज करने पर आले के सहारे इसका पता चल जाता है। हर रोज आने वाले मरीजों में ज्यादातर मरीज ब्लड प्रेशर से भी पीडित मिलते हैं। जिसमें बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगर सिर में दर्द बना रहता हैं आंखों में तकलीफहै और धुंधला भी दिखाई देता है, चक्कर आता है पेशाब कम उतरती है एवं जी मिचलाता हैं नींद नही आती है तो व्यक्ति को अपना ब्लड प्रेशर अवश्य चेक कराना चाहिए।

दस साल की उम्र के बच्चों का बीपी जांच जरूर करनी चाहिए। दरअसल लोगों को पता नहीं रहता कि वह ब्लड प्रेशर से पीडित हैं। जांच के बाद ही इसकी जानकारी हो पाती है। जानकारी के अभाव में यह कई बार प्राणघातक भी हो जाता है।

### ब्लड प्रेशर बढ़ने का कारण

चिकित्सक के अनुसार ब्लड प्रेशर बढ़ने के कई कारण हैं जिसमें आनुवांशिकता के अलावा मोटापा, तनाव, धूम्रपान, शराब, किडनी रोग, डायबिटीज, जंकफूड़, नमक एवं गर्भनिरोधिक दवाईयां व आधुनिक जीवन शैली आदि ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का कारण होते हैं। भोजन में अधिक मात्रा में नमक लेने से कुछ लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। रक्त वाहिनियों में कोलेस्ट्रोल जमा होने से धमनियां संकरी हो जाती है और ब्लड प्रेशर बढ जाता है। मोटे लोगों को भी हाई ब्लड प्रेशर का खतरा रहता है। अधिक मात्रा में चाय, कॉफी पीने तथा सोडा ड्रिंक्स में मिले कैफीन से भी ब्लड प्रेशर बढ सकता है। बहुत अधिक तनावग्रस्त रहने से भी ब्लड प्रेशर बढ सकता है। ऐसे में इन कारणों से बचने के लिए व्यक्ति को सचेत रहना चाहिए।

# शादी के वायदे से शुरू हुई बातचीत ठगी पर खत्म

## नपा कर्मचारी को लगा 1.10 लाख का चूना

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। नगर पालिका पन्ना में पदस्थ एक कंप्यूटर ऑपरेटर को सोशल मीडिया पर दोस्ती करना भारी पड़ गया। बैनीसागर मोहल्ला निवासी शुभम परासर को एक युवती ने पहले शादी का झांसा देकर अपने विश्वास में लिया और फिर ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक लाख दस हजार दो सौ पचास रुपए की ठगी कर ली।**

इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शुभम की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से नित्या रॉय नाम की युवती से हुई थी। बातचीत के दौरान युवती ने शुभम के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिससे शुभम उस पर पूरी तरह भरोसा करने लगा। इसी भरोसे का फायदा उठाते हुए युवती ने उसे बेहतर भविष्य का सपना दिखाया और ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करने की सलाह दी।

युवती के झांसे में आकर शुभम ने अपने भारतीय स्टेट बैंक खाते से फोन-पे के माध्यम से बताई गई लिंक पर कुल 1,10,250 रुपए भेज दिए। ठगी का खुलासा तब हुआ जब शुभम ने अपनी जमा की गई राशि और उस पर मिलने वाले लाभ के बारे में पूछताछ शुरू की। युवती उसे लगातार झूठे आश्वासन देकर टालती रही और बीते 26 अप्रैल से उसने अचानक अपना मोबाइल बंद कर लिया और संपर्क पूरी तरह काट दिया। काफी प्रयासों के बाद भी जब संपर्क नहीं हुआ, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ और उसने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब उस बैंक खाते और मोबाइल नंबर की डिटेल खंगाल रही है जिसके जरिए इस पूरी वारदात को अंजाम दिया गया।

# प्रभारी मंत्री ने दीदी कैंटीन का किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवनिर्मित दीदी कैंटीन का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।**




प्रभारी मंत्री ने आजीविका गतिविधि के प्रयासों की सराहना कर दीदियों से संवाद भी किया तथा रोजगारपरक गतिविधियों के जरिए अन्य महिलाओं के लिए भी बेहतर उदाहरण व मिसाल बनने की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान संचालक दीदी द्वारा प्रभारी मंत्री को कैंटीन संचालन संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री ने कैंटीन परिसर एवं कक्ष का अवलोकन कर जायजा भी लिया तथा दीदी कैंटीन में बाजार से कम कीमत पर उपलब्ध गुणवत्तायुक्त भोजन सहित अन्य खाद्य सामग्रियों के बारे में भी पूछा। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला द्वारा दीदी कैंटीन के संचालन और आगामी कार्ययोजना की जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही अन्य स्थानों पर भी आवश्यकता मुताबिक कैंटीन संचालन पर चर्चा की। कैंटीन में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों का विक्रय भी किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ सहित जपं सीईओ जयशंकर तिवारी तथा आजीविका मिशन के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# पीपल में होती है प्राण वायु देने की शक्ति, इसका जीवन में है पौराणिक महत्व

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। पीपल एवं वट वनस्पति जगत में श्रेष्ठ एवं दीर्घकालीन वृक्ष माने जाते है। पीपल एवं तुलसी में सर्वाधिक प्राणवायु देने की शक्ति होती है। इसी कारण हमारे ऋषियों ने इनकी सबसे अधिक उपयोगिता पर ध्यान दिया है। साथ ही ये वृक्ष पवित्र तथा कल्याणकारी माने जाते है। धार्मिक कार्यो में इनका उपयोग किया जाता है।**

इनकी छाया में बेठकर कोई भी धार्मिक अनुष्ठान किया जा सकता है। अपने यहां हिन्दुओं में 16 संस्कार होते है। जिनमें पन्द्रह तो जीवित अवस्था में हो जाते है लेकिन मरणोपरान्त संस्कार पीपल के वृक्ष के नीचे ही होता है क्योंकि पीपल साक्षात नारायण का स्वरूप माना गया है।

शनिवार को ही पीपल की पूजा सर्वोत्तम- शनिवार को पीपल पर जल व तेल चढ़ाना दीप जलाना, पूजा करना या परिक्रमा लगाना अति शुरू होता है। धर्मशास्त्रों में वर्णन है कि पीपल पूजा केवल शनिवार को ही करनी चाहिए। पुराणों में आई कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि समुद्र मंथन के समय लक्ष्मी जी से पूर्व उनकी बड़ी बहन, अलक्ष्मी ज्येष्ठा या दरिद्रा उत्पन्न हुई, तत्पश्चात लक्ष्मीजी ने श्रीविष्णु का वरण कर लिया। इससे ज्येष्ठा नाराज हो गई तब विष्णु ने उन लक्ष्मीजी को अपने प्रिय वृक्ष और वास स्थान पीपल के व्रक्ष में रहने का आदेश दिया और कहा कि यहां तुम आराधना करो मैं समय-समय पर तुमसे मिलने आता रहूंगा एवं लक्ष्मीजी ने भी कहा कि में प्रत्येक शनिवार तुमसे मिलने पीपल वृक्ष पर आया करूंगी। शनिवार को विष्णु और लक्ष्मी जी पीपल वृक्ष के तने में निवास करते है। इसलिए शनिवार को पीपल की पूजा, दीपदान, जल व तिल चढ़ाने और परिक्रमा लगाने से पुण्य की प्राप्ति होती है जिससे कष्ट कम होते है। और धन-धान्य की वृद्धि होती है। पीपल के वृक्ष की पूजा करने से पुण्य होता है जो मनुष्य स्नान करके पीपल के वृक्ष का स्पर्श करता है वह सब पापों से मुक्त हो जाता है। जो नहाकर पीपल का स्पर्श करता है उसे खानजन्य फल की प्राप्ति होती है। पीपल के दर्शन से पाप का नाश और स्पर्श से लक्ष्मी जी की प्राप्ति होती है। उसकी परिक्रमा करने से आयु बढ़ती है। पीपल की जड़ के पास बैठकर जो जप, होम, स्त्रोत पाठ और यन्त्र मन्त्रादि के अनुष्ठान किये जाते है उन सबका फल करोड़ गुना होता है। जिसकी जड़ में श्रीविष्णु तने में भगवान शंकर तथा अग्रभाग में साक्षात ब्रम्हाजी स्थित है। सोमवती अमावस्था को मौन होकर स्नान और एक हजार गौओं का दान करने से जो फल प्राप्त होता है वही फल पीपल वृक्ष को प्रणाम करने से मिल जाता है। जो कोई पीपल की जड़ से काट देता है उसका कभी नरक से उद्धार नहीं होता यही नहीं उसकी पहल कई पीड़ियां भयंकर नरक में पड़ती है। बेल के आठ, बरगद के सात और नीम के दस वृक्ष लगाने का जो फल होता है पीपल का एक पेड़ में लगाने से भी वही फल होता है। जलाशय के समीप पीपल का वृक्ष लगाकर मनुष्य जिस काल को प्राप्त करता है, वह सैंकड़ों यज्ञों से भी नहीं मिल सकता। पीपल के वृक्ष में अनेक औषधीय गुण भी है। पीपल की लकड़ी पत्तियों के डंटल हरे पत्ते एवं सूखी पत्तियां सभी गुणकारी है।

# सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संगठन ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## ब्राह्मण समाज के अपमान और प्रशासनिक फेरबदल पर की चर्चा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। पन्ना के सर्किट हाउस में आज सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी ने जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात कर दो अत्यंत संवेदनशील मुद्दों पर शासन का ध्यान आकर्षित किया।**

इस दौरान करणी सेना के जिलाध्यक्ष सनी राजा परमार भी उनके साथ मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान अजय तिवारी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा सकल ब्राह्मण समाज के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने मंत्री जी को अवगत कराया कि अजयगढ़ थाने में आवेदन देने और पुलिस उप अधीक्षक से गुहार लगाने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। तिवारी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि यदि राहुल गांधी के बयान पर तत्काल कार्रवाई हो सकती है, तो ब्राह्मण समाज को अपमानित करने वाले



बयान पर देरी क्यों? उन्होंने प्रभारी मंत्री से पुलिस प्रशासन को मामले में त्वरित एफआईआर दर्ज करने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया। वहीं अजय तिवारी ने प्रभारी मंत्री के समक्ष जिले के शिक्षा विभाग में हो रहे फेरबदल पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तलैया के पास प्रभार है, जबकि कर्तव्यनिष्ठ सहायक संचालक अमित जैन का प्रभार बिना किसी ठोस कारण या शिकायत के अचानक हटा दिया गया। संगठन का मानना है कि इस निर्णय से ईमानदार अधिकारियों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। तिवारी ने मांग की कि शासन की गाइडलाइन के अनुरूप अमित जैन को पुन: प्रभार सौंपा जाए और अनिल तलैया को पदमुक्त किया जाए। प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने इन दोनों ही विषयों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# जमीन के लिए बेटे ने पिता को लाठियों से पीटा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। शाहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया डूडी में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ पुश्तैनी जमीन और मकान के बंटवारे को लेकर बुलाई गई सामाजिक पंचायत देखते ही देखते अखाड़े में तब्दील हो गई।**

विवाद इतना बढ़ा कि एक कलयुगी बेटे ने अपने ही वृद्ध पिता पर लाठियों से हमला कर दिया। इस दौरान जब छोटे भाई और बहन ने पिता को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। इस घटना के बाद से पूरे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर रामलाल प्रजापति के घर पर जमीन-जायदाद के बंटवारे को लेकर पंचायत बैठी थी। परिवार के सदस्य और गांव के गणमान्य नागरिक आपसी सहमति से मामला सुलझाने का प्रयास कर रहे थे, तभी अचानक आरोपी बेटा बृजेश प्रजापति तैश में आ गया। उसने पास ही रखी लाठी उठाकर अपने पिता पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान जब छोटे भाई बृजेंद्र ने पिता को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी ने उसकी छाती पर लात मार दी जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इतना ही नहीं आरोपी ने अपनी बहन ज्योति प्रजापति के साथ भी गाली-गलौज करते हुए उसे थप्पड़ जड़ दिए। गांव के बीचों-बीच हुई इस हिंसक घटना से ग्रामीणों में जबरदस्त नाराजगी है। लोगों ने आरोपी के कृत्य को सामाजिक रिश्तों की मर्यादा के खिलाफबताते हुए कड़ी सजा की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शाहनगर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# तेरहवीं से लौटे व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर दी जान

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान पृतलाल मुड़हा पिता स्वर्गीय उजागर लाल मुड़हा, उम्र 40 वर्ष, निवासी रामनगर के रूप में हुई है।**

परिजनों के अनुसार, पृतलाल मुड़हा अपने परिवार के साथ सौतेले भाई संजय की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने नागौद गया था। तेरहवीं कार्यक्रम से लौटने के बाद सभी अपने-अपने घर चले गए। रात में परिवार के सदस्य सो गए थे। सुबह करीब 5 बजे मृतक के बेटे पृथ्वी ने परिजनों को बताया कि उसके पिता घर के खाना बनाने वाले कमरे में लकड़ी के पट्टे से तौलिया के सहारे फांसी पर लटके हुए हैं। सूचना मिलते ही परिवार में हडकंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# निशी ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में महिला समेत दो लोगों पर लगाए आरोप

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। शहर के अजयगढ़ चौराहे के पास स्थित बंधन बैंक वाली गली में एक 22 वर्षीय युवती का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान इटवा कला निवासी कुमारी निशी त्रिपाठी के रूप में हुई है।**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कमरे को सील कर जांच शुरू की। पुलिस को तलाशी के दौरान मृतका के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसने इस आत्महत्या के मामले में प्रताड़ना की ओर इशारा किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, निशी ने मरने से पहले लिखे अपने आखिरी खत में एक महिला और एक पुरुष का स्पष्ट नाम लिखा है।

नोट से पता चलता है कि युवती इन दोनों से बेहद परेशान थी और उसने पुलिस से इन आरोपियों के खिलाफकड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने फिलहाल जांच प्रभावित होने के डर से उन नामों का खुलासा नहीं किया है, लेकिन पुलिस की एक विशेष टीम अब यह सुराग लगाने में जुट गई है कि नोट में दर्ज इन संदिग्धों का निशी से क्या रिश्ता था। प्रारंभिक जांच में पुलिस निशी के कॉलेज और उसके सामाजिक दायरे को भी खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि आरोपी उसके सहपाठी हैं या किसी अन्य माध्यम से उसके संपर्क में आए थे। पोस्टमार्टम के बाद जब युवती का शव उसके घर पहुंचा, तो पूरे इलाके में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

सिविल लाइन चौकी पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है और अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड नोट के साथ-साथ युवती के मोबाइल की कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को बारीकी से जांचा जा रहा है ताकि दोषियों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

# घायल सुअर को मार कर चट कर गए शिकारी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। पन्ना टाइगर रिजर्व के मड़ला रेंज में एक घायल जंगली सुअर को मारकर उसके मांस को पकाकर पार्टी कर रहे तीन शिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।**

प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार मड़ियादोह इलाके जहाँ एक जंगली सुअर किसी वाहन की टक्कर से घायल होकर तड़प रहा था। जिसकों इलाके के ही रहने वाले कनई, सरस्वती और कुज्जू ने उक्त घायल सुअर को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया और फिर उसके मांस को पकाकर जमकर पार्टी की। वन विभाग को जब इसकी गुप्त सूचना मिली, तो पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेन्द्र पटेल ने तुरंत टीम को सक्रिय किया और डॉग स्क्वॉड को मैदान में उतारा। खोजी कुत्तों की मदद से टीम सीधे उन घरों तक पहुँच गई जहाँ शिकार के साक्ष्य मौजूद थे। पकड़े जाने के बाद आरोपियों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। विभाग ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया। अधिकारियों का साफकहना है कि वन्यजीवों के साथ इस तरह की क्रूरता करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए प्रभावी निर्देश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 मई। शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रम में विभाग स्तर पर परस्पर समन्वय के जरिए परिणाममूलक प्रगति लाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लापरवाही न बरती जाए। निर्माण कार्य भी समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। इसमें सतत् मॉनिटरिंग के साथ प्रत्येक स्तर पर दायित्वों का बेहतर निर्वाहन करें।**

उक्ताशय के निर्देश उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में छोटे-छोटे कार्यों की प्लानिंग कर तथा आवश्यक सर्वे के माध्यम से जल स्त्रोतों के संवर्धन तथा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर जल संरचनाओं की उपलब्धता




के साथ पौधरोपण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर भी विभागवार आवश्यक चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने बैठक में विभिन्न निर्माण विभागों के स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति और पूर्णता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पीआईयू के कार्यपालन यंत्री को बैठक में उपस्थित न रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर विभाग को भी अवगत कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा संपादित कार्यों में लापरवाही पर नाराजगी भी जताई। सभी निर्माण कार्यों की समय सीमा में पूर्णता के उद्देश्य से भी जरूरी निर्देश देते हुए प्रभारी मंत्री ने पीआईयू के उपस्थित अधिकारी को जिले के चार सांदीपनि विद्यालय भवन में आवश्यक कार्य पूर्ण कर तत्काल हैंडओवर करने के लिए निर्देशित किया। पन्ना जिला मुख्यालय पर भवन विकास निगम द्वारा निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय भवन के बारे में भी जानकारी ली। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में आवास योजना के कुछ पात्र हितग्राहियों द्वारा राशि आवंटन के बावजूद मकान निर्माण नहीं करने के कारणों की जांच के लिए भी कहा। पीएचई एवं जल जीवन मिशन की पेयजल स्कीम में कार्य के साथ-साथ समानांतर रूप से सड़क मरम्मत के निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार एवं अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की बात कही। बैठक में पन्ना विधायक द्वारा धरमपुर में नवीन तहसील के संचालन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने तथा पवई विधायक द्वारा कल्दा में तहसीलदार की पदस्थापना की बात रखी गई।

**आम नागरिकों को योग कार्यक्रमों से जोड़ें** - प्रभारी मंत्री ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा आम नागरिकों को योग के महत्व से अवगत कराने तथा दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाकर निरोग रहने की मंशा से गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। आयुष संस्थाओं सहित ऑनलाइन लिंक के जरिए भी योग सत्र प्रतिदिन संचालित है। इन कार्यक्रम से लोगों को जोड़ा जाए। साथ ही इसका ग्राम स्तर पर भी सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हो। ग्रामों में योग प्रशिक्षण के दौरान बीमारियों का परीक्षण करने तथा महिलाओं को आयुर्वेद किचन का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी कहा।

इस दौरान स्वस्थ्य भारत अभियान से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने तथा आयुष विभाग में चिकित्सकों सहित समस्त पैरामेडिकल स्टॉफएवं अन्य विभागीय कर्मचारियों की सार्थक एप से अटेंडेंस की निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही जिले की भवनविहीन आयुष संस्थाओं व मरम्मत योग्य संस्थाओं के संबंध में भी चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में दस्तक अभियान, पोषण पुर्नवास केन्द्रों के संचालन, बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं तथा इसके माध्यम से आए सामाजिक परिवर्तन पर भी विचार विमर्श किया गया।

प्रभारी मंत्री ने लाड़ली बहना योजना के सकारात्मक सामाजिक प्रभाव के संबंध में रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा स्वसहायता समूह की सभी महिलाओं को रोजगारपरक गतिविधियों का लाभ प्रदान करने, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था को निरंतर रूप से सुचारू रखने सहित विद्युत चोरी पर रोकथाम तथा शिविर के माध्यम से अधिक बिजली बिल की शिकायतों के निराकरण के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कर कैंप के जरिए पात्रजनों को लाभांवित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व पवई विधायक प्रहलाद लोधी सहित जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शत-प्रतिशत सीट पर हो प्रवेश

प्रभारी मंत्री ने कहा कि पन्ना एवं पवई के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शत् प्रतिशत सीट पर प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थिति में सीट रिक्त न रहे। इसके लिए छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से निरंतर संपर्क किया जाए। उन्होंने कहा कि संपर्क के दौरान यह भी अनिवार्य रूप से अवगत कराएं कि कक्षा 10वीं के बाद पॉलीटेक्निक डिप्लोमा कक्षा 12वीं के समकक्ष है। महाविद्यालय की नवीन ब्रांच में पद स्वीकृति एवं पदपूर्ति के लिए मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए। बैठक में पन्ना रिंग रोड निर्माण, विभिन्न परियोजनाओं में प्रभावित हितग्राहियों को नवीन बसाहट स्थल पर सड़क एवं विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, सरकारी योजनाओं में हितग्राहियों को समय पर राशि के वितरण, सुचारू रूप से खाद्यान्न वितरण सहित फसल उपार्जन उपरांत त्वरित रूप से किसानों को राशि के भुगतान के संबंध में निर्देशित किया गया। इसके अलावा खरीदी केन्द्रों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने तथा कुशलता के साथ खरीदी कार्य को संपन्न कराने के निर्देश दिए। उर्वरक की सुलभ उपलब्धता के लिए भी निर्देशित किया गया।

### किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए करें प्रेरित

कैबिनेट मंत्री श्री परमार ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर अधिकाधिक किसानों को प्राकृतिक खेती करने तथा रासायनिक उर्वरकों को हतोत्साहित करने अथवा सीमित मात्रा में उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदानी कृषि अमला किसानों के सतत संपर्क में रहकर शासन की कृषक हितैषी नीतियों व योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक करें। इन उपायों को अपनाने से होने वाले परिवर्तन के बारे में भी कृषकों को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि गौपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान एवं पशुपालकों को देशी नस्ल की गाय पालने के लिए प्रोत्साहन दें। साथ ही गोबर एवं गौमूत्र का भी कृषि क्षेत्र में बेहतर उपयोग किया जाए। कृषि, पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान हित में कार्य कर शासन की किसान कल्याण की मंशा को मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाए।